हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार,25 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 37 .7 डिग्री
न्यूनतम 17 .3 डिग्री

10 वर्क सस्पेंड करने के बार एसो. के प्रस्ताव को डीसी ने खारिज किया



12 विदाई समारोह में छलक पड़े छात्राओं के आंसू



## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अतुल को गिरफ्तार किया है। नगला नानकू के संदीप कुमार ने 9 जुलाई 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वर्ष 2022 में आरोपी अतुल ने नौकरी लगवाने के मामले में उससे व अन्य से एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। खजाना रोड के रहने वाले रणजीत सिंह ने 23 दिसंबर 2021 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि खजाना गार्द कोर्ट रोड के पास से किसी ने उसकी बाइक चोरी कर ली है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक राय को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है। नोडल अधिकारी ने 13 जून 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 नवंबर 2022 से 3 मार्च 2023 के दौरान आरोपी दीपक राय व अन्य ने बैंक का लोन न चुकाने व फर्म की मशीनरी बेचने का अपराधिक कार्य किया है।

### पानीपत पुलिस ने नशा तस्कर को किया काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने ट्रक युनियन के नजदीक नाला पुलिस के पास बाइक सवार नशा तस्कर सुरेंद्र उर्फ सुंदर पुत्र टेकचंद निवासी गांव चुलकाना जिला को 5 किलो 300 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया।

### ट्रेन से बुजुर्ग महिला का पर्स चोरी

**पानीपत।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से चंडीगढ़ जिरकपुर तक का ट्रेन में सफर कर रही बुजुर्ग महिला 65 वर्षीय सरोज निवासी जिरकपुर, चंडीगढ का पर्स चोरी हो गया।

# दूसरे देश भी पीएम मोदी के कार्यो की कर रहे सराहना : नायब सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश में पिछले साढ़े 9 वर्षो में हर क्षेत्र में बदलाव आया है। जनता ने इन साढ़े 9 वर्षो में देश को बदलते देखा है। देश से जिस गति से तरक्की की है। आज विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो की सराहना कर रहे हैं।

■ बोले : नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े 9 सालों में बदली देश की तस्वीर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने सदर बाजार में वैद्य देवेंद्र बत्तरा, मानव सेवा संघ में राम रतन, पुरुषोत्तम गार्डन में विकास कथूरिया व सेक्टर-7 में योगेश गोयल की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। जगह-जगह नायब सिंह सैनी को जनता ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करनाल लोकसभा उप चुनाव में करनाल से लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसभा में उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा का साथ देने का आश्वासन दिया।

जनता का भाजपा में पूरा विश्वास है। करनाल की जनता मनोहर लाल का साथ देगी और उन्हें करनाल से सांसद बनाकर लोकसभा में भेजेगी।

उप चुनाव में भी करनाल के लोग भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद देंगे। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, वरष्ठि भाजपा नेता जगमोहन आनंद, संजय बठला, माजसेवी बृज गुप्ता, मुकेश अरोड़ा, ईश गुलाटी, सुनील गुप्ता, सुनील गोयल, दिनेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



सदर बाजार स्थित वैद्य देवेंद्र बत्रा के निवास पर पहुंचे सीएम।

### श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में हुए नतमस्तक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल-इंद्री रोड स्थित श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में अहिंसा के अग्रदूत 24वें तीर्थंकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घंटाकर्ण मंदिर में शीश झुकाकर सर्वसमाज के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि महाराज जी का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। आयोजन में सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा विशष्टि अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। श्री आत्म मनोहर पीयूष गुरुभक्त परिवार एवं सम्बद्ध संस्थाओं द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया गया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आत्म प्रकाश मनचंदा, संजय बठला, जगमोहन आनंद व जिलेराम शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# खेल के क्षेत्र में हरियाणा का प्रदर्शन बेमिसाल : मनोहर



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते हुए।

**करनाल।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल बुधवार को सुमित नरवाल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से करनाल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे और अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं स्थानीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खिलाडय़ों का हौसला बढ़ाया और कहा कि प्रदेश सरकार ने हमेशा खिलाड़ियों का साथ दिया है और खेलों को बढ़ावा देने का काम किया है। मनोहर लाल ने कहा कि खेल के क्षेत्र में हरियाणा का प्रदर्शन बेमिसाल रहा है। हर खेल में यहां के खिलाडिय़ों ने कमाल किया है। सरकार ने खिलाडिय़ों को तराशने के लिए स्कूल स्तर से ही उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक हरविंद्र कल्याण, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, कार्यक्रम के आयोजक सुमित नरवाल, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश्वर दत्त, जितेंद्र सिंह, कैमला से ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले बलराज पंवार, पूर्व ओलंपियन सुमित सांगवान, अर्जुन अवार्डी जसबीर सिंह, दीपक हुड्डा, बबीता फौगाट, एश्यार्ड चैंपियन प्रवीन कुमार, इंटरनेशनल पैरा एथलीट रीना कुमारी, जूडो के वल्र्ड कप प्लेयर अतर सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जसबीर सिंह, लखविंद्र मेहला, मनोज फोर आदि खिलाड़ी मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र विवि को प्रदान किए गए दो पेटेंट

## केयू को अब तक 22 पेटेंट प्रदान किए जा चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अप्रैल माह में भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा दो पेटेंट प्रदान किए गए हैं। अप्रैल माह में भारत के कार्बोक्सिमिथाइलसेलुलोज एस्टर आधारित ड्रग डिलीवरी सिस्टम और एपोप्टोसिस इंड्यूसिंग कंपोजिशन कॉम्प्रोमाइजिंग ट्रायजोलोथियाजोलिल-ट्रायाजोल बेंजीन का व्युत्पन्न हेतु केयू को दो पेटेंट प्रदान किए गए हैं। केयू को अब तक 22 पेटेंट प्रदान किए जा चुके हैं और इनमें से अधिकांश पेटेंट कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा द्वारा अनुसंधान के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा व बदलाव के बाद प्रदान किए गए हैं। कुलपति ने शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि पेटेंट का उद्देश्य नवाचार और नई प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देना है। शोध व अनुसंधान को बढ़ावा व प्रोत्साहन देने के लिए पेटेंट विशेषज्ञ के माध्यम से कुवि शिक्षकों को पेटेंट दाखिल करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। विवि में इन्क्यूबेशन, स्टार्ट अप और इनोवेशन केंद्रों की स्थापना की गई है। और अनुसंधान प्रकाशनों की गुणवत्ता में सुधार किया गया। प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि केयू ने विवि के पूर्व छात्र डॉ. रमेश कुमार मेहता को आईपीआर और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के मानद प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया है। प्रोफेसर मेहता द्वारा विवि से कोई शुल्क लिए बिना पेटेंट दाखिल करने में संकाय सदस्यों को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।



कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा।

■ पेटेंट का उद्देश्य नवाचार और नई प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देना है

# करनाल में कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया

## अध्यापक संवाद कार्यक्रम का विरोध करने पहुंचे थे, यूपी बॉर्डर पर ले जाकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अध्यापक संवाद कार्यक्रम का विरोध करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस नेताओं की अगुवाई जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह कर रहे थे। उन्हें पुलिस जबरन थाने ले गई और लगभग 20 कांग्रेस नेताओं को बस में बैठा कर यूपी बॉर्डर पर छोड़ा गया। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल का अध्यापक संवाद कार्यक्रम चुनाव आयोग के नियमों को ताक पर रख कर किया गया। चुनाव आचार संहिता लगने के बाद इस तरह के कार्यक्रम नहीं किए जा सकते। मनोहर लाल से इस बाबत मिलने के लिए ही मंगलसेन ऑडिटोरियम पहुंचे थे, जहां कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने जबरदस्ती बाहर निकाला और गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम ने स्वयं स्कूलों से अध्यापकों को आमंत्रित किया। इन स्कूलों में वोटिंग के लिए बूथों की व्यवस्था होती है।

■ कांग्रेस नेताओं का कहना था अध्यापक संवाद कार्यक्रम चुनाव आयोग के नियमों को ताक पर रख कर किया



विरोध करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लेती पुलिस।

### पत्र लिखकर कार्यक्रम का विरोध किया था

त्रिलोचन सिंह ने कहा कि गत दिवस असंध विधायक शमशेर सिंह गोगी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर अध्यापक संवाद कार्यक्रम का विरोध किया था। निर्वाचन अधिकारी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो कांग्रेस नेताओं को आज विरोध करने के लिए मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस नेता उमेश पांडे ने सिविल लाइन थाने में प्रभारी प्रदीप मान को कांग्रेस नेताओं से मिलने के लिए भेजा। इस अवसर पर ललित अरोड़ा, रानी कांबोज, अंशुल लाठर, पराग गाबा, रोहित जोशी, दया प्रकाश, टिंकू वर्मा, राजिंद्र अरोड़ा, पवन शर्मा, परमजीत भारद्वाज विनोद शर्मा, निम्मी सलमानी, नीरज निर्मल, प्रेम मलवानिया, एडवोकेट अमनदीप सिंह, सर्वजीत नडाना, अनिल शर्मा, रामधारी, सुनेहरा वाल्मीकि, गगन मेहता, दलबीर सिंह, राजपाल तंवर, होशियार सिंह, रमेश जोगी व जिलेराम वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# नपा ने प्रॉपट्री आई डी सत्यापित करवाने का चलाया अभियान

**तरावड़ी।** नगर पालिका तरावड़ी द्वारा प्रॉपर्टी आईडी को स्वयं सत्यापित करवाने का अभियान चलाया हुआ है। जो की 30 अप्रैल तक निरंतर चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि तरावड़ी में कुल 10 हजार प्रॉपर्टी आईडी हैं। जिनमें से अभी तक लगभग 24 सौ के करीब प्रॉपर्टी आईडी को प्रमाणित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसके लिए नगर पालिका तरावड़ी द्वारा टीमें गठित की गई है जो कि घर-घर जाकर प्रॉपर्टी आईडी को सत्यापित कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी का डाटा जांच कर सत्यापित करवाना प्रॉपर्टी मलिक के लिए बहुत लाभकारी है क्योंकि इससे प्रॉपर्टी का डाटा की भी जांच हो जाती है और इसके उपरांत कोई भी दूसरा व्यक्ति आपकी प्रॉपर्टी आईडी के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली छूट का लाभ भी उन्हीं प्रॉपर्टी मालिकों को मिलता है जिन्होंने अपनी प्रॉपर्टी को सत्यापित करवा लिया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों भी उन्हीं प्रॉपर्टी मालिकों को गृह कर मूल पर 15त्न छुट का लाभ मिला जिन्होंने अपनी प्रॉपर्टी आईडी का डाटा स्थापित करवाया हुआ था। उन्होंने शहर वासियों से इस काम में नपा कर्मियों का सहयोग करने की अपील की और कहा कि कई प्रॉपर्टी मलिक घर पर पहुंचे नगर पालिका कर्मचारियों को मोबाइल पर आने वाला ओटीपी नहीं देते जिस कार्य में बाधा आती है । उन्होंने 30 अप्रैल तक सभी शहर वासियों से नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर या फिर आपके घर पर आने वाले नगर पालिका कर्मचारी का सहयोग कर प्रॉपर्टी डाटा सत्यापित करवाने की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ जे ई अजय यादव व पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा उपस्थित रहे।

■ तरावड़ी में कुल 10 हजार प्रॉपर्टी आईडी

# प्रीति नर्सिंग होम पर लगा मिला ताला बेरंग लौटी स्वास्थ्य विभाग की टीम

**पानीपत।** पानीपत के भावना चौक पर स्थित प्रीत नसिंर्ग होम को बुधवार को पानीपत स्वास्थ्य विभाग की टीम सील करने के लिए पहुंची। वही, टीम के यहां पहुंचने से पहले से ही नसिंर्ग होम संचालक ताला लगाकर फरार हो गया। जिसके बाद टीम को बेरंग मौके से वापस लौटना पड़ा। नसिंर्ग होम की दीवार पर पहले से सील करने का एक नोटिस चस्पा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नसिंर्ग होम की बिजली और पानी की सुविधा को काट दिया है। टीम को आज मौके पर कुछ न मिलने की वजह काफी देर इंतजार करने के बाद बिना किसी कार्रवाई के लौटना पड़ा। अब टीम एक और नोटिस देगी। उसके बाद अगली रेड़ पर अस्पताल को सील किया जाएगा। उस वक्त बेशक नसिंर्ग होम वालों का ताला लगा हुआ होगा, लेकिन कानून विभाग उस पर कार्रवाई कर सकेगा।

■ जच्चा-बच्चा की मौत का मामला, स्वास्थ्य विभाग ने नर्सिंग होम पर फिर चस्पा किया सीलिंग का नोटिस

### यह था मामला

तहसील कैंप की विष्णु कालोनी निवासी छह माह की गर्भवती जसविंद्र पत्नी गुरमीत को करीब बीस दिन पहले रक्त रिसाव हो गया था, हालत बिगडी देख जसविंद्र को भावना चौक स्थित प्रीत नर्सिंग होम में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने जसविंद्र के उपचार में ढील बरती। वहीं प्रीत नर्सिंग होम में जसविंद्र के उपचार के संसाधन भी नहीं थे। इधर, डॉक्टरों ने जसविंद्र की सर्जरी की, जिसमें जसविंद्र व उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई थी। पति गुरमीत की शिकायत पर प्रीत नर्सिंग होम के संचालक पर केस दर्ज है।
जिसकी पुलिस जांच कर रही है। वही इस मामले की स्वास्थ्य विभाग भी जांच कर रही है।

# डीआरओ पर सीएम फ्लाइंग का छापा

**पानीपत।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने बुधवार को पानीपत जिला राजस्व विभाग के ऑफिस पर छापा मारा। सीएम फ्लाइंग के उप निरीक्षक राज सिंह के नेतृत्व में टीम पहुंची। यहां टीम ने पहुंचते ही कर्मचारियों की हाजरी रजिस्टर्ड एवं मशीन को अपने कब्जे में लिया। इसके अलावा यहां टीम ने इस विभाग से विभिन्न विभागों को दी जाने वाली राशि का ब्योरा भी अपने कब्जे में लिया है। टीम को यहां लगातार अनुदान में घपला बाजी और अनियमितताएं की शिकायतें मिल रही थी। सीएम फ्लाइंग की टीम दोपहर से उक्त रिकॉर्ड की जांच कर रही है। टीम ने कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज कैमरों की भी जांच की। कार्यालय में लगे सभी कैमरों की लोकेशन की भी जांच की गई। स्मरणीय है कि सीएम फ्लाइंग को शिकायतें मिल रही थी कि पानीपत में राजस्व विभाग से मिलने वाली सरकारी अनुदान राशि पूर्ण रूप से नहीं मिल रही। इतना ही नहीं, यहां एक ही स्कीम में मिलने वाली अनुदान राशि को भी अलग-अलग तरीके से किसी को कम तो किसी को ज्यादा दी जा रही है।

■ टीम ने कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज कैमरों की भी जांच की

सख्ती

## निरंतर पैनी नजर बनाकर काम कर रही टीम: डीसी

# आचार संहिता के दौरान 21 लाख की अवैध शराब पकड़ी

हरिभूमि न्यूज करनाल

करनाल के डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न टीमों ने 21 लाख रुपये की 24 हजार लीटर अवैध शराब पकड़ी है। इसके अतिरिक्त 20 लाख रुपये की 353 किलो ड्रग्स भी पकड़ी गई है। यह जानकारी उन्होंने बुधवार को मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई बैठक में दी। डीसी उत्तम सिंह ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा के उपचुनाव संबंधी कार्य बेहतर तरीके से चल रहा है। चुनाव प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक कमेटियों का गठन कर दिया गया है। ईवीएम की रेंडेमाइजेशन का काम पूरा कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त सभी पीओ और एपीओ की ट्रेनिंग लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान अवैध रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले कैश, अवैध शराब और ड्रग्स को रोकने के लिए निरंतर स्टेटिकल सर्विलांस टीम कार्य कर रही है। निरंतर अवैध शराब को पकड़ा जा रहा है। इंटर स्टेट नाके लगाए गए हैं, लगातार वाहनों की चैकिंग हो रही है।

■ 20 लाख रुपये की 353 किलो ड्रग्स भी पकड़ी गई, 29 केस भी किए गए दर्ज




**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 6 हजार लीटर लहान भी पकड़ी गई: एसपी

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान करनाल के एसपी दीपक सहारण ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान पुलिस ड्रग्स तश्करी पर लगातार शिकंजा कसे हुए है। अभी तक ड्रग्स तस्करी से जुड़े हुए 29 केस पकड़े गए हैं, जिनमें 6 केस में कमर्शियल मात्रा पाई गई है। उन्होंने बताया कि कुछ इलाकों में लहान भी पकड़ी गई है। पुलिस ने 6 हजार लीटर लहान पकड़ी है। इसके अलावा यूपी चुनाव में बिकने के लिए जा रही 1180 बीयर की पेटियां भी बरामद की हैं। उन्होंने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि चुनाव के दौरान इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस पूरी मुशतैदी से कार्य करेगी।

### चिन्हित अपराध की भी की गई समीक्षा

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने चिन्हित अपराध से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की। इस दौरान डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि जिले में 112 चिन्हित अपराध के केस हैं। इनमें से 9 में फैसला आया है, 8 केस में दोष सिद्ध हुआ है। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि चिन्हित अपराध से जुड़े मामलों की कोर्ट में बेहतर तरीके से पैरवी की जाए। अपराधियों को कम समय में सजा दिलवाई जाएगी और चिनहित अपराधों को कम किया जा सकेगा।

# फेसबुक पर लाइव आकर आत्महत्या करने के मामले में चार के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फेसबुक पर लाइव आकर जहरीला पदार्थ खाकर गांव टूंडे की टपरियों निवासी साहिल द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया है। चारों आरोपी मृतक साहिल पर गत 20 जनवरी को सफीलपुर में हुई मारपीट के मामले में बेकसूर को फंसाने का दबाव बना रहे थे। जानकारी के अनुसार साढौरा क्षेत्र के गांव टूंडे की टपरियां निवासी साहिल ने प्रतापनगर क्षेत्र में लाल ढांग के समीप फेसबुक पर लाइव होकर जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद वह बेसुध अवस्था में प्रताप नगर एरिया के फैजपुर ढाबे पर मिला। उसकी बाइक भी ढाबे के बाहर खड़ी मिली। ढाबे के पास से लोगों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया।

■ 20 जनवरी को सफीलपुर में हुई मारपीट के मामले में मृतक पर बेकसूर को फंसाने का दबाव बना रहे थे आरोपी

### मृतक साहिल की शिकायत पर 22 जनवरी को हुआ था केस दर्ज

टुंडे की टपरियां निवासी साहिल शर्मा का प्राइवेट काम था। उनके गांव व सफीलपुर की एक पंचायत है। 20 जनवरी को हुई मारपीट के बाद साढ़ौरा थाना पुलिस ने साहिल की शिकायत पर मारपीट का केस दर्ज किया था। तब उसने शिकायत में बताया था कि पंचायत सदस्य सीता राम उसका बचपन का दोस्त है। 20 जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे वह सफीलपुर क्षेत्र में मुगलवाली रोड स्थित शराब ठेके के पास बनी दुकान से अंडे लेने गया था। जहां सीता राम पहले से मौजूद था। वह भी उसी समय सीता राम के साथ दुकान में बैठ गया था। कुछ समय के बाद वहां पर दो युवक आए। जिनकी सीताराम के साथ बहस हो गई थी। कुछ देर बाद तीन-चार युवक और आए। आरोपियों ने उसपर व सीता राम पर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट में सीता राम के सिर में गंभीर चोट लगी थी। तब उसे पीजीआई में उपचार दिया गया था। बाद में उसके सिर में टांके लगे थे। 22 जनवरी को साढौरा थाना पुलिस ने साहिल की शिकायत पर माजिद को नामजद करते हुए कुछ अन्य पर केस दर्ज किया था।

## खबर संक्षेप

### नए न्यायाधीशों का किया स्वागत

**यमुनानगर।** जिला बार एसोसिएशन जगाधरी द्वारा बुधवार को बार सभागार में स्वागत समारोह का आयोजन कर स्थानांतरित होकर आए न्यायाधीशों का स्वागत किया । जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला एंव सत्र न्यायधीश शालनी सिंह नागपाल ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला अदालत के अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे। समारोह में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अरूण ढांडा व उनकी कार्यकारिणी द्वारा जिला न्यायालय जगाधरी में आए नए माननीय अतिरिक्त जिला एंव सत्र न्यायाधीश रंजना अग्रवाल व दानिश गुप्ता समेत अन्य न्यायाधीशों का स्वागत किया। इसके साथ ही जिला न्यायालय जगाधरी से स्थनांतरित होकर जाने वाले माननीय जज मधुलिका, मोनिका, गुनीत अरोड़ा, डॉ. मोहिनी, निमित कुमार, उदय प्रताप, राजविंद्र सिंह, सुमित कुमार सैनी व श्वेता शर्मा को बार द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### युवक से बरामद हुए 104 अवैध नशीले कैप्सूल

यमुनानगर। पुलिस ने बिलासपुर गणपति स्कूल के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 104 अवैध नशील कैप्सूल बरामद किए। बिलासपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के जिला मुज्जफरनगर के गांव बहरामपुर निवासी अंकित कुमार गणपति विहार कॉलोनी बिलासपुर में किराए के मकान में रहता है। वह नशीले कैप्सूल बेचने का काम करता है। पुलिस टीम ने गणपति स्कूल के पास नाका लगाकर तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस टीम को एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब आरोपी को काबू कर उससे पूछताछ की तो उसकी पहचान अंकित के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 104 अवैध नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठगे ढाई लाख

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गुरू नानकपुरा निवासी आशीष से ढ़ाई लाख रुपये हड़प लिए। आरोप जिला अंबाला के गांव दूधली निवासी सुमित कुमार और उसके पिता रमेश कुमार पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## संयुक्त निगम आयुक्त ने बैठक लेकर दिए निर्देश

# 25 से कम संपत्तियां सत्यापित करने वाले कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

**अब तक नगर निगम क्षेत्र की 54267 संपत्तियां सत्यापित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र की संपत्तियां सत्यापित करने में जुटे कर्मचारियों की संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने बुधवार को बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी कर्मचारियों को संपत्तियां सत्यापित करने के कार्य में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी रोजाना 25 से अधिक संपत्तियां सत्यापित करें। इससे कम संपत्तियां सत्यापित करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। अब तक निगम क्षेत्र की 210794 संपत्तियों में से 54267 संपत्तियां सत्यापित की जा चुकी हैं। संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने बैठक के दौरान सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जिन कर्मचारियों की जिस भी वार्ड में ड्यूटी लगी है, वह उसे पूरी निष्ठा से निभाएं। हर संपत्ति मालिक से सही जानकारी लेकर उसकी संपत्ति को सत्यापित करें। यदि उनकी प्रॉपर्टी आईडी में कोई त्रुटि है तो उसे ठीक कराने के लिए आपत्ति दर्ज कराए। इस कार्य का लेकर यदि कर्मचारियों को कोई दिक्कत सामने आ रही है तो वह संबंधित इंचार्ज व संबंधित वार्ड के पार्षद से संपर्क करें। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वह घर-घर आ रहे निगम कर्मियों को संपत्ति सत्यापन कार्य में सहयोग करें। संपत्ति सत्यापन संपत्ति मालिक की मदद के लिए ही किया जा रहा है। उन्हें ही इसका लाभ होगा।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे निगम कर्मियों की बैठक लेती संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा।

**आज सनातन धर्मशाला में लगाया जाएगा शिविर**

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि वीरवार को वार्ड 17 के कैंप स्थित सनातन धर्मशाला में शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 26 अप्रैल को वार्ड 16 की नंदा कॉलोनी की हिमाचल हितकारी सभा, 27 अप्रैल को वार्ड 19 के विष्णु नगर स्थित माता भगवती धर्मशाला में संपत्ति सत्यापित शिविर लगाए जाएंगे। इसी तरह 29 अप्रैल को वार्ड 20 में ससौली के सरकारी स्कूल में, 30 अप्रैल को वार्ड 21 के कांसापुर स्थित परशुराम भवन में और एक मई को 22 वार्ड के कन्हैया चौक स्थित नगर निगम कार्यालय में संपत्ति सत्यापित शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में संपत्ति धारकों की संपत्तियों को सत्यापित किया जाएगा। ताकि जिन शहरवासियों की प्रॉपर्टी आईडी में कोई खामी है, उसे दूर किया जा सके।

## शेर सिंह व जानवी बने मिस्टर व मिस फाइनल

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में हुआ विदाई पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में बीए फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ.दीपक कौशिक ने दीप प्रज्वलित करके किया। मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सीनियर विद्यार्थियों ने अपने जूनियर विद्यार्थियों को कई टिप्स भी दिए। साथ ही गीत, चुटकुले, डांस व अन्य प्रस्तुतियों से समां बांध कर रखा। कार्यक्रम के दौरान शेर सिंह को मिस्टर फाइनल व विपिन को मिस्टर फाइनल रनरअप, जानवी कांबोज को मिस फाइनल व कोमल को मिस फाइनल रनरअप चुना गया। इस अवसर पर डॉ.महेंद्र सिंह, डॉ.रीचा सीकरी, डॉ.माला शर्मा, प्रो.नवीन भारद्वाज, प्रो.आशीष भल्ला, प्रो.पिंकी, प्रो.नीतू कांबोज, प्रो.जयचंद व डिंपल शर्मा आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** मुकंदलाल कॉलेज रादौर में आयोजित विदाई पार्टी के दौरान चुने गए मिस्टर व मिस फेयरवेल को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## करिअर एक्सपो जॉब फेसर में गुरु नानक खालसा कॉलेज के 39 विद्यार्थी चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

एसडीआईएमटी जगाधरी द्वारा आयोजित कैरियर एक्सपो जॉब फेयर में गुरु नानक खालसा कॉलेज के 39 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसके साथ ही छह विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हरिंद्र सिंह कंग ने बताया कि चयन और शॉर्टलिस्ट का वर्गीकरण प्रतिष्ठित कंपनियों सीएसबी बैंक, सवार्ऱ्दय इन्फोटेक, ट्रैवल डिजाइन, द लीड ओरिजिन, इनोव सॉल्यूशन, टूरिस्ट बुक, स्ट्रेट वेज, एमडब्ल्यूआईडीएम सॉल्यूशन, सिस्फी टेक्नोलॉजीज, इंडसइंड बैंक और कास्प्रो सॉल्यूशंस में किया गया। उन्होंने चयनित छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। वाइस प्रिंसिपल डॉ. कमलप्रीत कौर ने छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता के लिए सराहना की।



**यमुनानगर।** गुरू नानक खालसा कॉलेज के विद्यार्थी जॉब फेसर में चयनित होने के बाद खुशी का इजहार करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- हनुमान जन्मोत्सव पर श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में हुआ महाजागरण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला के ढाका बसातियांवाला स्थित प्राचीन श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में देर रात हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर महाजागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन गायक रोशन प्रिंस, राज पारिक कोलकत्ता, हर्ष गोयल व अनिल अनुरागी ने अपने भजनों पर सभी भक्तों को खूब झुमाया। जागरण का शुभारंभ मुख्य जजमान के रूप में कमेटी के प्रधान सुखबीर सिंह ने किया। इसके बाद भजन गायकों ने मेरे प्रभु श्री, प्रभु श्री राम न चले हनुमान के बिना हनुमान न चले प्रभु राम के बिना, मेरी बाबा जी सरकार उतारेंगी बेड़ा पार भजनों के माध्यम से पूरे वातावरण को धर्ममय बना दिया। पंजाबी गायक रोशन प्रिंस ने श्री पंचुमुखी व बाला जी महाराज की संगीतमय गुणमान किया। कमेटी के प्रधान सुखबीर सिंह ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव ऐसा धार्मिक पर्व है। जो देश के अन्य त्योहारों की तरह ही हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से जुड़ा हुआ है। इसे देश के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की अपनी पारंपरिक रस्म और रीति रिवाज के अनुसार मनाया जाता है।



**यमुनानगर।** श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर ढाका बसातियांवाला में आयोजित बाला जी महाजागरण में भजन गाते गायक। *फोटो : हरिभूमि*

## तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है कांग्रेस

- प्रदेश के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कांग्रेस पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस कम्युनिस्ट विचारधारा को आगे बढ़ाने में विश्वास करती है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है और देश को धर्म के नाम पर बांटने का काम कर रही है। उक्त शब्द उन्होंने बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहे। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि अल्पसंख्यकों के लाभ को देने को लेकर कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में देश के जनता की संपत्ति में विभाजन की बात कर रही है। यह एक तरह से देश को तोड़ने का काम कर रही है। कंवरपाल ने कहा कि इस बात को राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में तीन तलाक़ को भी खारिज करने की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता देश को विभाजित करने की है। कांग्रेस आजतक इस पर ही राजनीति करती आई है।

वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पश्चिमी बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर कुछ नहीं कहा। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि यूपीएससी में अगर 50 बच्चे मुस्लिम समुदाय के पास हुए तो अच्छी बात है। सभी को पढ़ने और आगे बढ़ने का हक है। हमारी सरकार इसकी प्रशंसा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का विकास का एजेंडा है जो पूरे देश में बिना किसी भेदभाव के एक समान चलाया जा रहा है।



**यमुनानगर।** भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते कृषिमंत्री कंवरपाल।

**ये रहे मौजूद**

लोकसभा चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार 400 पार सीट पर विजय प्राप्त करेगी और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाएगी। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद थे।



### रक्तदान शिविर में 170 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**यमुनानगर।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी सत्संग भवन यमुनानगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 170 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने रक्तदानियों को बैज लगाकर किया। मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि कहा कि निरंकारी मिशन समय समय पर ऐसे समाज सेवा के कार्य करता रहता है। उ रक्त एकत्रित करने के लिए जिला रेड क्रॉस सोसाइटी यमुनानगर की टीम ने रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित ने भी रक्तदान किया। इसके साथ ही रक्तदाताओं हेतु उत्तम रूप में जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई। मौके पर सतगुरु माता ने फरमाया कि सेवा का भाव सदैव निष्काम ही रहा है। ऐसी भावना जब हमारे मन में बस जाती है तब हमारा जीवन वास्तव में मानवता के कल्याणार्थ समर्पित हो जाता है। ऐसा ही परोपकारी जीवन बाबा गुरबचन सिंह की दिव्य सिखलाईयों का आधार रहा है।

## दिव्यांग के लिए मददगार साबित होगा ईसीआई सक्षम एप

- सक्षम एप से व्हीलचेयर व पोलिंग बूथ तक आवागमन के लिए आवेदन की सुविधा
- दिव्यांगजनों की जरूरतों को देखते हुए बना है सक्षम एप का इंटरफेस
- जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने ईसीआई सक्षम एप की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लोकसभा चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं के लिए ईसीआई सक्षम एप मददगार साबित होगा। यह मोबाइल एप दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा को देखते हुए एक प्रकार से दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है। दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सक्षम एप के इंटरफेस को उपयोगकर्ता के लिए अधिक अनुकूल बनाया गया है। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकता है।

नए मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करवा सकता है। वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुड़वाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकता है। यहां तक चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि सक्षम एप द्वारा दिव्यांग मतदाता मतदान को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या के लिए संपर्क कर सकता है व शिकायत भी दर्ज कर सकता है। इसके अलावा चुनावों से संबंधित ज्ञानवर्धन के लिए काफी लेख भी सक्षम एप पर उपलब्ध हैं।



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में ईसीआई सक्षम एप के बारे में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

**सक्षम एप को करें डाउनलोड**

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने दिव्यांगजनों को आहवान किया कि वह सक्षम एप लाभ लेने के लिए उसे गूगल प्ले स्टोर से अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर डाउनलोड करें। एप खुलते ही वोटर रजिस्ट्रेशन, पोलिंग बूथ पर सुविधाएं, वोटर कार्ड से संबंधित जानकारी और सूचना एवं शिकायत का ऑप्शन आएगा। इसके उपरांत अन्य सुविधाओं के लिए एप का उपयोग किया जा सकता है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया दिवस मनाया

- भारत इस बीमारी की रोकथाम के मामले में छठे नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस दौरान एसएमओ डॉ.विजय परमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डॉ.परमार ने कहा कि मलेरिया नामक बीमारी की रोकथाम हेतु यह दिवस मनाया जाता है। भारत इस बीमारी की रोकथाम के मामले में छठे नंबर पर है। इस बीमारी को समाप्त करने के लिए दवाइयों की खोज के साथ-साथ अन्य उपाय भी किए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से हम इस बीमारी को नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम स्वच्छता अपनाकर इस बीमारी से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा सुबह सैर करते समय पूरी बाजू के कपड़े पहनें तथा अपने घरों के आसपास गंदा पानी एकत्रित न होने दें।



जानकारी देते एसएमओ।

- स्वच्छता को अपनाकर मलेरिया पर किया जा सकता है नियंत्रण : डॉ.परमार

**प्रशिक्षण**

**पोलिंग एजेंटों के सामने मॉक पोल करवाना अनिवार्य**

**जगाधरी सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

## चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने को लेकर पीठासीन अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए चारों विधान सभा क्षेत्रों में नियुक्त किए जाने वाले पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों की बुधवार को जगाधरी के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया ने अधिकारियों को आवश्यक बातें बताते हुए दिशा-निर्देश दिए। सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया ने कहा कि पोलिंग एजेंटों के सामने मॉक पोल करवाकर एजेंटों की संतुष्टि करवाना व उनके हस्ताक्षर करवाकर मतदान की प्रक्रिया शुरू करवानी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के अनुसार किसी मतदान केन्द्र पर मॉक पोल नहीं होता है, तो ऐसी स्थिति में मतदान नहीं माना जाएगा और वहां रि-पोल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया अमल में लाने के बाद पीठासीन अधिकारी को इसका सर्टिफिकेट भी देना अनिवार्य है। सभी पीठासीन अधिकारी चुनाव से एक दिन पहले अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पहुंच कर बूथ को स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पावर प्वाईंट प्रस्तुति के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं पर प्रकाश भी डाला। उन्होंने कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए एक दिन पूर्व यानि 24 मई को सभी पीठासीन अधिकारी अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर इसकी सूचना संबंधित एआरओ को देंगे।



**यमुनानगर।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल जगाधरी में पीठासीन अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते मास्टर ट्रेनर। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने कहा कि 24 मई को ही चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा भरकर पोलिंग एजेंट्स के आवेदन पर उनकी नियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान चुनाव में प्रयोग होने वाली सामग्री को टैग, सील व स्ट्रिप सील करने की भी जानकारी दी। मौके पर मास्टर ट्रेनर उमा दत्त शर्मा, इंद्र राज, रघुबीर, सुरेन्द्र व उमेश खरबंदा, मास्टर ट्रेनर ईवीएम सुनील पंजेटा आदि मौजूद थे।

## डीएवी गर्ल्स कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर हुआ एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल और बौद्धिक संपदा अधिकार सेल द्वारा विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डॉ.मीनू जैन ने की। मौके पर नई दिल्ली से एडवोकेट व नॉलेजैंशिया कंसलटेंट की फाउंडर अपर्णा जैन व एसोसिएट पार्टनर अश्रिका आहुजा मुख्य वक्ताओं के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा अनीता मोदगिल व रजनी शर्मा की देखरेख में हुआ। अपर्णा जैन ने छात्राओं को बताया कि बौद्धिक संपदा किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा सृजित कोई संगीत, साहित्य कृति, कला, खोज, चित्र, डिजाइन, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क व पेटेंट आदि को कहते हैं। साथ ही उन्होंने ट्रेडमार्क की पॉलिसीज के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा का प्रचार और संरक्षण आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। अश्रिका आहुजा ने भारत में विभिन्न बौद्धिक संपदा आधारित अधिनियमों के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। कॉलेज की प्राचार्या डॉ.मीनू जैन ने वकहा कि यह सभी देशों के आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में बौद्धिक संपदा की भूमिका और योगदान को उजागर करता है। साथ ही मानव प्रयास के इस क्षेत्र में सार्वजनिक जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए एक वार्षिक वैश्विक जन जागरूकता अभियान है।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

## खबर संक्षेप



### संगीत विभाग ने ओवर ऑल ट्रॉफी जीती

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस के संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने दयानंद महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अनुगुंज प्रतियोगिता में 8 श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान की प्राचार्या प्रो. रीटा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें पुरस्कृत किया ।



**कुरुक्षेत्र।** क्यआरएसक नेचुरोपैथी क्लीनिक का शुभारंभ करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

### नेचुरोपैथी क्लीनिक किया शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 7 पीर वाली गली में क्यआरएसक नेचुरोपैथी क्लीनिक खुला, जिसका शुभारंभ स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग ने रिबन काटकर किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लोग लाखों रुपए का इलाज प्रतिदिन जो अब तक विदेशों में या सिर्फ बड़े अस्पताल एम्स, नई दिल्ली मैक्स, सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल मोहाली आदि में किए जाते थे।

### मां के आंचल में सभी दुख हो जाते हैं दूर

**कुरुक्षेत्र।** दीदार नगर स्थित बाला सुंदरी जगह मंदिर में नवरात्रो की पावन चौदस पर रात्रि को विशाल मां भगवती जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम पंडित अंकित शर्मा ने नवग्रह पूजन वेद मंत्रो सहित पूजा-अर्चना करवाई। इस मौके पर मंदिर की संचालिका कमलेश माता ने बताया कि जिसमें गौशाला बाजार के ओम भाई सुभाष भाई एंड पार्टी द्वारा महामाई का गुणगान किया।

### मत के सही प्रयोग के बारे में किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा निर्देशानुसार डीएलएसए द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप भविष्य आपके हाथ में एक मतदान अधिकार अभियान और असंगठित मजदूरों के लिए हक हमारा भी तो है कैंपेन चलाया हैं।

### बिजली संबंधित बैठक 26 अप्रैल को

**कुरुक्षेत्र।** उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित शिकायतों का निवारण के लिए अधीक्षण अभियंता यूएचबीवीएन सर्किल कुरुक्षेत्र की अध्यक्षता में सेक्टर-8 में 26 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक होगी।

# कुरुक्षेत्र विवि में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन आज

- **गजल सम्राट जगजीत सिंह की याद में वॉयस ऑफ केयूके का फाईनल राऊंड, कुवि कुलपति प्रो . सोमनाथ सचदेवा होंगे मुख्यातिथि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से गुरुवार को ऑडिटोरियम में सांय 5 बजे गजल सम्राट जगजीत सिंह की याद में वॉयस ऑफ केयूके सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा होंगे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक दल द्वारा भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि गजल सम्राट जगजीत सिंह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। उनकी याद में हर वर्ष वॉयस ऑफ केयूके का आयोजन किया जाता है। वॉयस ऑफ केयूके का प्रथम राऊंड सम्पन्न हो चुका है, जिसमें 16 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसके पश्चात वॉयस ऑफ केयूके का फाइनल राउंड आयोजित किया जा रहा है। इसमें विजेता विद्यार्थी को 31 हजार रू. की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। प्रो. पूनिया ने बताया कि इसी दिन अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित 37वें अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय उत्सव ह्यहुनरहृ पंजाब एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, लुधियाना (28 मार्च - 1 अप्रैल 2024) में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के सांस्कृतिक दल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान हासिल करने पर आपके योगदान हेतु युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया है जबकि सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में सांस्कृतिक गतिविधियों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रथम स्थान पर रहा है। प्रो. पूनिया ने कहा कि जिन विधाओं के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर जो मुकाम हासिल किया है उनमें से चुनिंदा विधाओं को सांस्कृतिक संध्या पर प्रस्तुत किया जायेगा। इस सांस्कृतिक संध्या में जगजीत सिंह के भाई करतार सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी नाटक, समूह गायन, प्रोसेसन की प्रस्तुति दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा टीम के प्रतिभागियों एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित भी करेंगे।

### विश्वविद्यालय के इतिहास में सांस्कृतिक गतिविधियों में पहली बार कुवि ने राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की स्थापना के पश्चात विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग ने सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से हरियाणा की लुप्त होती संस्कृति को मंच से जोडकर अनेकों विधाओं को बचाने का प्रयास किया है। हरियाणवी गजल, लोक विनोद, रिचुअल, पगड़ी, लूर नृत्य, रसिया नृत्य, लोकवाद्य वृन्द, हरियाणवी नाटक आदि इसी का हिस्सा हैं। विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार जब विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक दल ने राष्ट्रीय स्तर पर 1 हजार से अधिक विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान हासिल किया है। इससे पूर्व कभी भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक दल ने यह मुकाम हासिल नहीं किया है। पिछले 67 सालों के इतिहास में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की यह सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### एडीसी डा. वैशाली शर्मा, निदेशिका डा. बिंदू शर्मा, गायत्री कौशल ने चुनाव गीत का किया विमोचन

# पत्रकारिता विभाग का प्रत्येक विद्यार्थी ब्रांड एंबेसडर के रूप में करेगा कार्य : वैशाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** चुनाव गीत का विमोचन करती एडीसी डा. वैशाली शर्मा, निदेशिका डा. बिंदू शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक-एक वोट जरुरी है और अधिक से अधिक वोटिंग के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ब्रांड एंबेसडर का रोल अदा करेंगे। इन लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधियों के तहत लघु फिल्में, प्रतियोगिताएं, चुनाव गीत, पोस्टर, बैनर, होडिंग्स आदि गतिविधियों का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है कि 25 मई के दिन मतदाता अपने घर से निकलकर अपने वोट का प्रयोग जरूर करें। अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मीडिया एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में जिला प्रशासन व मीडिया एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा, मीडिया एवं प्रौद्योगिकी संस्थान की निदेशिका डा. बिंदू शर्मा, डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह, समाज सेविका एवं युवा आइकॉन गायत्री कौशल, शिक्षक डा. आबिद अली, डा. मधुदीप, डा. रोमा शर्मा ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए और युवा आइकॉन गायत्री कौशल द्वारा लिखित एवं निर्देशन में तैयार किए चुनाव गीत का विधिवत रुप से विमोचन किया। इस चुनाव गीत में लोगों को 25 मई के दिन वोट डालने की अपील की गई है। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने युवा मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए युवाओं के मन में जीतनी भी शंकाए थी, उनका निवारण किया और युवा मतदाताओं से अपील भी की सभी अपने-अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे, क्योंकि एक-एक वोट देश के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता निदेशालय का एक-एक विद्यार्थी ब्रांड एंबेसडर के रुप में कार्य करेगा और अपने मित्रों, परिजनों और शहर के लोगों को वोट डालने के प्रति जागरूक करेगा। यह युवा प्रत्येक मतदाता को वोट की महता के बारे में जानकारी देगा कि एक-एक वोट देश की लोकतंत्र की मजबूती के लिए बहुत जरूरी है। सभी मतदाताओं ने बिना किसी दबाव, लोभ व प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करना है। जब सभी मतदाता घरों से निकलकर बूथों तक पहुंचेंगे और निष्पक्षता के साथ अपने वोट का प्रयोग करेंगे तभी देश की तरक्की होगी और देश विकास की तरफ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र जिले में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के इस विभाग के सहयोग से तैयार किए गए चुनाव गीत को डिजिटल व सोशल साइट्स के प्लेटफार्म पर अपलोड किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों तक यह गीत पहुंचे और जिला निर्वाचन कार्यालय का संदेश भी पहुंचे।

### चुनाव गीत में विद्यार्थियों ने अहम भूमिका अदा की

उन्होंने चुनाव गीत की लेखिका, निर्देशिका गायत्री कौशल के साथ-साथ विभाग की निदेशिका डा. बिंदू शर्मा और चुनाव गीत में अपनी-अपनी भूमिका निभाने वाले शिक्षकों और छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासन के छोटे से अनुरोध पर एक बेहतरीन चुनाव गीत तैयार किया है। यह चुनाव गीत मतदाताओं को 25 मई के दिन वोट डालने के लिए जरूर प्रेरित करेगा। विभाग की निदेशिका डा. बिंदु शर्मा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने संस्थान और विद्यार्थियों को चुनाव गीत के लिए अवसर दिया। यह अवसर देश की सेवा के लिए एक सुनहरा मौका है। इस चुनाव गीत में विद्यार्थियों ने अहम भूमिका अदा की है। यह संस्थान हमेशा कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में प्रशासन की तमाम गतिविधियों में भाग लेता है। चुनाव गीत की निदेशिका एवं लेखिका समाज सेविका गायत्री कौशल ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए चुनाव गीत लिखने और निर्देशित करने का जो अवसर दिया, उनके लिए यह यादगार पल रहेंगे। इस प्रकार के देशहित कार्यों के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगी। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन डा. आबिद अली ने किया। इस मौके पर एपीआरओ बलराम शर्मा, डा. प्रदीप राय, डा. तपेश शर्मा सहित संस्थान के सभी शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी, विद्यार्थी व गणमान्य लोग मौजूद थे।



**कुरुक्षेत्र।** अनाज मंडी में पडे.गेहूं से भरे कट्टे। फोटो : हरिभूमि

# एजेंसियों ने खरीदी 4 लाख 65 हजार 607 एमटी गेहूं

- **1 लाख 71 हजार 458 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य किया पूरा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

गेहूं खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल 4 लाख 65 हजार 607 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इस खरीद में से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 1 लाख 71 हजार 458 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। एजेंसियों द्वारा अब तक 69162 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा गया है। इस जिले में खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है।

इन खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसलों को लेकर अपने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार खरीद केन्द्रों पर पहुंच रहे है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर कहा कि खरीद केन्द्रों पर खरीद एजेंसियां द्वारा 4 लाख 65 हजार 607 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 28 हजार 715 एमटी, हैफेड द्वारा 2 लाख 18 हजार 303 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 18368 व ट्रेडर्स द्वारा 221 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि अजराना कला मंडी में 4317 एमटी, अमीन मंडी में 2298 एमटी, बाबैन मंडी में 22066 एमटी, बारना मंडी में 1500 एमटी, भौर सैयदां मंडी में 2702 एमटी, बोधनी मंडी में 7211 एमटी, चढ़ुनी जाटान मंडी में 1697 एमटी, गुमथला गढ़ु मंडी में 17802 एमटी, इस्माईलाबाद मंडी में 65615 एमटी, झांसा मंडी 9083 एमटी, कराह साहिब मंडी में 13271 एमटी, किरमच मंडी में 1762 एमटी, कुरुक्षेत्र मंडी में 85858 एमटी, लाडवा मंडी में 59144 एमटी, लुखी मंडी में 1720 एमटी, मलिकपुर मंडी में 6943 एमटी, नलवी मंडी में 1088, नीमवाला में 4786 एमटी, पिहोवा मंडी में 71525 एमटी, पिपली मंडी में 22123 एमटी, शाहबाद मंडी में 41727 एमटी, थाना मंडी में 3027 एमटी, ठोल मंडी में 18342 एमटी गेहूं की खरीद की गई है।

# अबकी बार बनेगी गठबंधन की सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि अबकी बार गठबंधन की सरकार बनेगी और हरियाणा से भाजपा का बंटाधार होगा। 36 बिरादरी के लोग गठबंधन के साथ है। बवेजा ने भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को घेरते हुए कहा कि पूर्व सांसद नवीन जिंदल कभी कुरुक्षेत्र के प्यारे थे, उनको कुरुक्षेत्र की जनता दिल से प्यार और आदर करती थी लेकिन अब वे जिस वाशिंग मशीन से होकर आए है उसके काले कारनामे जनता के सामने आ गए है। बवेजा ने कहा कि अच्छा हुआ जिंदल का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। बवेजा ने कहा कि यदि नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता का हितकारी होता तो वह उस समय कहां था जब कुरुक्षेत्र बाढ़ में डूब रहा था। लोग पानी तक को तरस रहे थे। नवीन जिंदल तब कहां था जब कोरोना काल में लोगों की रोजी-रोटी का संकट बन आया था। लोगों को मदद की जरुरत थी।

# प्रदेश में बनेगी इनेलो की सरकार : तनुजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** गांव हथीरा में डोर टू डोर प्रचार करती इनेलो नेत्री तनुजा।

- **जनता हरियाणा में इनेलो को सत्ता सौंपेगी।**

इंडियन नेशनल लोकदल की कुरुक्षेत्र जिला की महिला अध्यक्षा तनुजा ने कहा कि कांग्रेस से दुखी होकर प्रदेश और देश के लोगों ने भाजपा को सत्ता सौंपी थी और अब भाजपा से दुखी होकर प्रदेश की जनता हरियाणा में इनेलो को सत्ता सौंपेगी। तनुजा ने कहा कि कुरुक्षेत्र सहित हरियाणा की सभी 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव के लिए जनता में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और प्रदेश की जनता का समर्थन इस बार इनेलो के साथ रहेगा। गांव हथीरा में डोर टू डोर पार्टी का प्रचार करते हुए तनुजा ने ग्रामीणों कहा कि भाजपा पूरे देशभर की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है लेकिन हरियाणा की 10 सीटों में से कांग्रेस के नेताओं को ही भाजपा में शामिल करवा उन्हें उम्मीदवार बनाया गया है। तनुजा ने कहा कि आज हर कोई भाजपा के राज से दुखी है, इसलिए देश और प्रदेश की जनता भाजपा से छुटकारा पाना चाहती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में युवा बेरोजगारी की मार से प्रताड़ित है। युवा रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। जो हरियाणा सरकार की नाकामी के चलते विदेशों में रोजगार के लिए जा रहा हैं, उन्हें एजेंट जालसाजी कर मौत के मुंह में भेज रहे हैं। इस अवसर पर इनेलो नेता धर्मवीर कश्यप, रिंकू, सोनू, मनोज, रविंद्र, प्रदीप, धर्मपाल, गौरव, पालाराम आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को गुड टच और बेड टच से कराया अवगत

**शाहबाद।** ब्रिलिएंट माइंड आर्यन स्कूल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्य आशिमा बत्रा ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के साथ बढ़ते यौन शोषण के प्रति उन्हें सावधान करना था। इसमें बच्चों को गुड टच और बेड टच से अवगत कराया गया और साथ ही मोबाइल फोन के कम इस्तेमाल, अपरिचित लोगों से ज्यादा बातचीत न करना, सोशल मीडिया का उपयोग संभलकर करने के लिए बताया गया। सभी बच्चों को समझाया गया कि जैसे आपके लिए खाना, कपड़े पहनना, पढ़ाई करना, खेलना कूदना, अपने परिजनों और अध्यापक अध्यापिकाओं का कहना मानना इन सभी चीजों का पालन करना आवश्यक है । उसी तरह आपको 'गुड टच' और 'बेड टच' की जानकारी होना भी आवश्यक है।

### वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केन्द्र पर लाइन की जानकारी

- **लोकसभा चुनावों में मतदान 75 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य**

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुए प्रतिशत मतदान को इस बार 2024 के लोकसभा चुनावों में 75 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा ने वोटर इन क्यू नाम से एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। अहम पहलू यह है कि राज्य के 30 विधानसभा क्षेत्रों में यह ऐप संचालित होगी, जिसमें से थानेसर विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 30 शहरी विधानसभा क्षेत्रों में वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की जाएगी। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं।

# हार से बौखलाई कांग्रेस खेल रही तुष्टिकरण का खतरनाक खेल : बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार बेदी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश में किए जा रहे विकास से कांग्रेस लगातार हार का मुंह देख रही है। एक के बाद एक हार से बौखलाई कांग्रेस अब तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए आगे बढ़ने का खतरनाक खेल खेलना चाहती है। कृष्ण बेदी भाजपा लोकसभा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

भाजपा लोकसभा मीडिया सम्पर्क प्रमुख विनीत कवातरा, लोकसभा मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, जिला महामंत्री जसविन्द्र सैनी, दिवाकर, भूपिंदर पलवल मौजूद रहे। कृष्ण बेदी ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डा. सुशील गुप्ता का घेरते हुए कहा कि 4 जून के बाद सुशील गुप्ता कुरुक्षेत्र में दिखेंगे भी नही। कृष्ण बेदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस की सरकार बनी तो कांग्रेस का पंजा देशवासियों की मेहनत की कमाई पर पड़ेगा और ऐसा वह पहले भी कर चुकी है। अब तो कांग्रेस की नजर बहन-बेटियो के पास मौजूद सोने-चांदी आदि संपत्ति पर गड़ चुकी है। कांग्रेस के हिडन मंसूबों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो समझो बहनों का मंगल सूत्र भी नहीं बचेगा।

### भारतीय योग संस्थान का प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# उम्रभर सीखने की जिज्ञासा रखने वाला ही सच्चा साधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** शिविर में योगाभ्यास करते भारतीय योग संस्थान के प्रशिक्षणार्थी।

- **शिविर में 450 प्रतिभागी, अधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

भारतीय योग संस्थान मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के तत्वावधान में संस्थान के दिल्ली योग प्रांत 1 व दिल्ली योग प्रांत 2 तथा हरियाणा प्रांत के केंद्र प्रमुखों व क्षेत्रीय अधिकारियों के लिए योगाश्रम, मिजार्पुर में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शिविर के दूसरे दिन प्रातः 5 बजे संस्थान के माननीय अखिल भारतीय प्रधान योगरत्न देसराज ने शिविर में प्रतिभागी साधक साधिकाओं को ध्यान साधना का अभ्यास करवा कर प्रभु का सान्निध्य प्राप्त करने का मार्ग दिखाया। प्रातः 6:30 बजे से 8:30 तक शिविर के सभी प्रतिभागियों को मानसिंह, ओमप्रकाश, जयप्रकाश अग्रवाल, योगेश शर्मा, होती लाल इत्यादि द्वारा योगासनों, प्राणायाम व यौगिक क्रियाओं का सामूहिक अभ्यास करवाया गया। देसराज ने कुछ विशिष्ट योगासनों, प्राणायाम व अन्य यौगिक क्रियाओं का सुंदर प्रदर्शन करके दिखाया । साथ ही माननीय देसराज ने साधकों की योग सम्बन्धी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कुछ साधकों द्वारा साधना से संबंधित पूछे गए अच्छे प्रश्नों से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि उम्र भर सीखने की जिज्ञासा रखने वाला ही सच्चा योग साधक होता है। अगले सत्र में देसराज द्वारा 300 ग्राम नीम गर्म फीका दूध नासिका से 3-4 मिनट में पीकर दुग्ध नेति का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। प्रत्येक सत्र के प्रारंभ में प्रतिभागी साधक साधिकाओं द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। केंद्र प्रमुखों व क्षेत्रीय अधिकारियों के दायित्व विषय पर उद्बोधन देते हुए देसराज ने प्रतिभागियों को उनका दायित्व बोध करवाया। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश ने सभी अतिथियों प्रतिभागियों तथा कार्यकताअरं का धन्यवाद किया । ओम ध्वनि, वैदिक प्रार्थना व शांति पाठ के साथ शिविर का भव्य समापन हुआ। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रैस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि इस प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर में तीनों योग प्रांतों के 450 प्रतिभागी, अधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस कर्मचारियों को चोट मारने के 4 आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने व पुलिस कर्मचारियों को चोट मारने के 4 आरोपियों नरेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश वासी कीर्ति नगर, अजय पुत्र बिट्टू वासी थानेसर, करण पुत्र बिंदु वासी कीर्ति नगर, कृष्ण उर्फ गोना पुत्र नन्दलाल वासी गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। 20 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि कीर्ति नगर में दो पक्षों में लड़ाई झगडा हुआ है। सूचना पर डायल-112 इआरवी संख्या एचआर-99-0451 मौका पर पहुंची जहां पर दोनों में पार्टियों में दोनो तरफ से ईंट-पत्थर चल रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी पर भी ईंटें लगी और गाड़ी का शीशा टूट गया। उसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

### उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आज झिंझरपुर में

**कुरुक्षेत्र।** ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान (आरसेटी) के निदेशक राय सिंह ने कहा कि पीएनबी आरसेटी द्वारा 30 अप्रैल 2024 तक जिले के सभी ब्लॉकों में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा। इन कार्यक्रमों में आरसेटी के संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न गांवों का दौरा करके युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने बारे जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि बाबैन ब्लॉक के गांव बाबैन में 25 अप्रैल को उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार शाहबाद ब्लॉक के गांव झरौली में 26 अप्रैल को, थानेसर ब्लॉक के गांव खेड़ी रामनगर में 29 अप्रैल को व हिंगाखेड़ी में 30 अप्रैल को कार्यक्रम होंगे।

## खबर संक्षेप

### चाकू रखने के मामले में दो काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से अवैध चाकू रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल व सन्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपियो के पास अवैध हथियार है। जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। सूचना उपरान्त पुलिस ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से चाकू जब्त किया गया।

### धमकी देने के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी लोकेश उर्फ लक्की को गिरफ्तार किया है। परिवादी कुलदीप ने 22 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 फरवरी 2024 को साहा में आरोपी लोकेश उर्फ लक्की ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट करके चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दवाइयों की बकाया पेमेंट बता लगाया 50 हजार का चूना

**जींद।** बीमार महिला की दवाइयों के घर पहुंचने और बकाया पेमेंट बता पचास हजार रुपये का चूना लगाने के मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चोरी करने के मामले में एक महिला आरोपी काबू

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस के एएसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में एक महिला आरोपी बधहाऊ जिला संम्बल युपी निवासी राजकुमारी को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रेवाड़ी निवासी सचिन यादव की शिकायत अनुसार वह उसके परिवार के साथ सेक्टर 21 हुड्डा कैथल में रहता हैं। वह परिवार के साथ 13 अक्टूबर 2023 को बाहर गया हुआ था। वो जब 16 अक्टूबर 2023 को वापिस आए तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी जेवर व नकदी चुरा ली गई। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया।

### महिला पर बाइक सवार ने किया हमला

**जींद।** गांव जलालपुरा खुर्द खेत में गई महिला पर वहां मौजूद बाइक सवार युवक ने हमला कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### थ्री व्हीलर चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थ्री व्हीलर चुराने के एक मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एचसी विजय कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी शक्ति नगर कैथल निवासी विकास उर्फ काशी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खेड़ी गुलाम अली निवासी रमेश कुमार की शिकायत अनुसार 9 सितंबर 2023 की रात उसके मकान सामने से उसका आटो अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए।

## विरोध पर उतरे वकीलों ने डीसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

# वर्क सस्पेंड करने के बार एसो. के प्रस्ताव को डीसी ने खारिज किया

डीसी कोर्ट का बहिष्कार कर वकीलों ने राज्य सरकार से डीसी को तुरंत ट्रांसफर करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। डीसी डॉ. शालीन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वकील।

जिला बार एसोसिएशन से जुड़े वकीलों ने बुधवार को डीसी डॉ.शालीन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान वकीलों ने डीसी ऑफिस के बाहर जमकर नारेबाजी की। एसोसिएशन ने डीसी पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगा डीसी कोर्ट का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही डीसी के ट्रांसफर कराने को लेकर चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखने की बात कही है। दरअसल, एसोसिएशन के एक सदस्य राजीव वालिया के निधन के बाद एसोसिएशन ने शोक वक्त करते हुए बुधवार को वर्क सस्पेंड रखने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट समेत जिले की सभी कोर्ट ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था लेकिन डीसी डॉ. शालिन ने प्रस्ताव को खारिज कर दिया। प्रदर्शनकारी वकीलों ने कहा कि उनके सहयोगी वकील की मौत हो गई है। उनका अंतिम संस्कार था। एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड रखने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। यह प्रस्ताव डीसी को भी भेज दिया था लेकिन डीसी ने प्रस्ताव को मानने से इंकार कर दिया। वकीलों ने कहा कि जब उनके प्रस्ताव को हाईकोर्ट समेत सभी कोर्ट्स ने मान लिया तो डीसी को इससे ऐतराज नहीं होना चाहिए था। आरोप है कि एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भी डीसी ने ठीक व्यवहार नहीं किया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान जब्बर सिंह चौधरी ने कहा कि हमारे एक साथी की मौत होने के कारण वर्क सस्पेंड रखा था। कोर्ट के सभी जज ने सभी मामलों में आगे की तारीख लगा दी थी लेकिन डीसी डॉ. शालिन ने ऐसा करने से इंकार कर दिया। चौधरी ने कहा कि डीसी ने उनके प्रस्ताव को मानने से साफ इंकार कर दिया। डीसी ने पदाधिकारियों को कहा कि जब वे कहेंगे तभी मिलने आना। प्रधान ने कहा कि यह डीसी की तानाशाही है। डीसी के ऐसे व्यवहार के कारण उन्होंने डीसी की कोर्ट का बहिष्कार कर दिया है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि अगर किसी वकील साथी की मौत या फिर किसी तरह की कोई दिक्कत होती है तो मजबूरी में वर्क सस्पेंड करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे साथी राजीव वालिया की मौत होने के कारण वर्क सस्पेंड करने के लिए एक प्रस्ताव पास किया था लेकिन डीसी ने उसे मंजूर नहीं किया। एसोसिएशन के साथ गलत व्यवहार करना डीसी को शोभा नहीं देता। जैन ने कहा कि ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अपहरण के शक में युवक की धुनाई

- छह महीने के बच्चे को लेकर ट्रेन में कर रहा था सफर
- यात्रियों ने धुनाई के बाद जीआरपी के हवाले युवक को किया, पूछताछ में पता चला पत्नी से चल रहा है विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सफर के दौरान यात्रियों ने ट्रेन में 6 महीने के बच्चे को ले जा रहे युवक को अपहरण के शक में पकड़ लिया। यात्रियों ने जब उक्त युवक से पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। युवक की धुनाई भी की और उसके बाद रेलवे पुलिस को इसकी सूचना दी। युवक को बच्चे समेत रेलवे स्टेशन पर उतार लिया। इसकी सूचना जीआरपी और बाल संरक्षण विभाग की टीम को दी। सूचना मिलने के बाद दोनों टीमें मौके पर पहुंची और बच्चे को अपने संरक्षण में लेकर मेडिकल कराया। दरअसल, एक युवक पैसेंजर ट्रेन में बच्चे को लेकर यमुनानगर जा रहा था। बच्चा देखने में काफी सुंदर और अच्छी ड्रेस में था। जबकि युवक फटे-पुराने कपड़े और शराब के नशे में था। इसे भांपते हुए यात्रियों ने शक हुआ और बच्चे को अपने कब्जे में लिया। जबकि, युवक खुद को बच्चे का पिता बता रहा था। पुलिस ने युवक को भी हिरासत में लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह बच्चे का पिता है। उसका पिछले कई दिनों से अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। वह यमुनानगर में किराए के मकान में रहता है। उसकी पत्नी बिना बताए कहीं चली गई,जिसकी तलाश में वह अंबाला आया था। बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की चेयरपर्सन रंजीता ने बताया कि बच्चे को अपने संरक्षण में लिया हुआ है। युवक खुद को बच्चे का पिता बता रहा है, जिसने बताया कि है वह यमुनानगर में किराए के मकान में रह रहा है। पुलिस ने मकान मालिक से भी फोन पर बातचीत की है। रंजीता के मुताबिक, मासूम बच्चा कथित पिता के साथ आरामदेह दिखाई दे रहा था। युवक ने बताया है कि बच्चे का बर्थ सर्टिफिकेट और आधार कार्ड यमुनानगर मकान में रखा है लेकिन हम बच्चे को तब तक नहीं सौंपेंगे, जब तक पूरे दस्तावेज नहीं दिखाएगा।

### हत्या के प्रयास में दो शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज सरकारी कार्य को बाधित कर हत्या के प्रयास व कोविड-19 महामारी को फैलने से रोकने हेतू लॉकडाउन के नियम तोड़ने के आरोप में पुलिस ने आरोपी अर्पण व मुकदर को शामिल जांच किया है। इस मामले में संलिप्त 16 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। 9 मई 2020 को डेहा कॉलोनी के आरोपी अशोक, रोहित, मानव, भारत, आजाद, नीरज, मदन, श्याम, किशन, विपिन सूरज, उर्फ रघु, राजन, प्रवीण, नरेश, सन्नी, राजेश, मुकेश, कमल, बिल्ला, मोनू, गोपी, साहिल, मानव, मोंटी, सुनील व अन्य 20/25 अन्य ने पुलिस पर हमला कर ड्यूटी बाधित करने का प्रयास किया था।

## मेरी व राहुल गांधी की इनकम बराबर करवा दो, विज ने किया कटाक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान 'सबकी इनकम बराबर कर देंगे' पर जबरदस्त कटाक्ष करते हुए कहा कि ₹पहले मेरी और राहुल गांधी की इनकम बराबर करवा दो, बाकि की जब ये (कांग्रेस) करेंगे तो कर दे, क्योंकि मै भी तो दिन- रात मेहनत करता हूं इसलिए हम दोनों (अनिल विज-राहुल गांधी )की बराबर दो। विज ने हंसते हुए कहा कि अब राहुल गांधी क्या सोचते है और क्या करते हैं ये तो लुकिंग लंदन टेकिंग टोकियो वाली बात है। विज से जब यह पूछा गया कि कांग्रेस की नेत्री प्रियंका गांधी का कहना है कि भाजपा संविधान बदलने की साज़िश रच रही है। इस पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सबसे ज्यादा संविधान को मानती है क्योंकि भाजपा का घोषणा पत्र तब जारी हुआ जिस दी संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर का जन्म दिवस था और ये (कांग्रेस) बात संविधान की करते है जिन्होंने बाबा साहेब के बनाये सविंधान को पैरो तले रौंदा उन्होंने फिर दोहराया कि इंदिरा गांधी ने एमरजेंसी लगाई और सारे मौलिक अधिकारों को कुचल दिया। उन्होंने कहा कि कई महीने लाखों लोगो को जेल में डाल कर रखा और चुनी हुई सरकारों को धारा 356 लगाकर ऐसे तोड़ा जैसे बच्चा खिलोने तोड़ता है।

## छात्रों को मतदान के प्रति किया जागरुक

- कहा इससे मजबूत व सशक्त बना सकते हैं सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। बाजी मारने वाली छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य।

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में स्वीप अभियान के तहत में सुव्यवस्थित मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपने मत का प्रयोग पूर्ण रूप से निर्भय होकर करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि देश के संपूर्ण विकास के लिए मतदान बेहद आवश्यक है, इसके जरिए ही हम एक मजबूत एवं सशक्त सरकार बना सकते हैं और एक आदर्श भारत का निर्माण कर सकते हैं।कार्यक्रम की संयोजिका डॉ सीमा कंसल ने कहा कि इस निबंध लेखन प्रतियोगिता के तहत छात्र छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो मतदाता किसी कारणवश मतदान नहीं करते, उन्हें मतदान अवश्य करना चाहिए ।भारतीय संविधान द्वारा हमें यह विशेष अधिकार दिया गया है कि हम मतदान द्वारा किसी भी उम्मीदवार को चुनकर अपने मत का सही इस्तेमाल कर सकते हैं। निबंध प्रतियोगिता बीए थर्ड ईयर की छात्रा ने बाजी मारी जबकि एमकॉम की छात्रा पूजा ने द्वितीय स्थान पर रही। तृतीय स्थान पर सुहानी रही जबकि सांतवना पुरस्कार आकांक्षा को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण और शिक्षकगण मौजूद रहे।

## रुकसार बनी मिस फ्रेशर, रितु को मिला मिस आर्ट्स का खिताब

- आर्य गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं की ओर से गेट टू गेदर पार्टी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। गेट टू गेदर में टाइटल पाने वाली छात्राएं व कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

अंबाला छावनी के आर्य गर्ल्ज कॉलेज में बुधवार को बीए और एमए के सभी छात्राओं द्वारा गेट टू गेदर पार्टी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्राओं को परीक्षा से पहले इस तरह के कार्यक्रम उनमें उत्साहवर्धन करते हैं। छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि तुम जहां भी रहो कामयाबी की मिसाल बनो, तुम्हारी खूबियां तुम्हारे काम आए और तरक्की के साथ तुम्हारा भविष्य भी बेहतर हो जाए। छात्राएं परमात्मा द्वारा बनाई गई अनुपम कृति हैं। श्रेष्ठ बनिए और अपनी रोशनी पूरे विश्व में फैलाइए। पार्टी में छात्राओं द्वारा नृत्य, गायन, कैटवॉक, गेम्स आदि भिन्न-भिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मनोरंजन किया। पार्टी की इंचार्ज डॉ. रेखा वासु और डॉ. सरिता चौधरी रहीं। डॉ. रेखा ने कहा कि सभी छात्राएं अपना लक्ष्य निर्धारित करके अपने उज्जवल भविष्य के लिए खूब परिश्रम करें। डॉ. सरिता चौधरी ने कहा कि सभी छात्राएं अपने आप पर विश्वास रखें और अपनी सफलता की कहानी सुनाने के लिए वापिस अपने अध्यापकों के पास जरूर जाएं। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अनीता गोदारा, डॉ. अनु वर्मा, प्रो. योगिता ने निभाई। इस अवसर पर मिस फ्रेशर एमए से रूकसार, मिस आर्ट्स एमए से रितु शर्मा, मिस फ्रेशर बीए से गुरजीत कौर, मिस आर्ट्स बीए से आरती, मिस वर्सेटाइल बीए तृतीय से मुसकान, मिस पर्सेनेलिटी बीए तृतीय से हरजस कौर, मिस चार्मिंग बीए तृतीय से परमीत कौर, मिस रिसपांसिबल रमनदीप को दिया गया।

## एक्टिवा पर सवार महिला का पर्स छीनकर तीन बाइक सवार फरार

- वारदात में पति-पत्नी को आई चोटें
- वारदात अंबाला सिटी में मानव चौक के पास सिटी मीडिया दफ्तर के पास हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बाइक सवार 3 स्नैचर परिवार के साथ मार्केट जा रही महिला के हाथ से मोबाइल और पर्स छीनकर फरार हो गए। जब महिला के पति स्नैचरों का पीछा करने लगे तो एक्टिवा से गिर गए। वारदात अंबाला सिटी में मानव चौक के पास सिटी मीडिया दफ्तर के पास हुई।

अंबाला शहर के शास्त्री नगर के सचिन कुमार ने बताया कि वह मंगलवार रात पौने 8 बजे को अपनी पत्नी शालिनी के साथ एक्टिवा पर घर से मानव चौक की तरफ जा रहा था। जैसे ही वे चौक के पास पास पहुंचे तो पीछे से बाइक पर 3 लड़के आए। बदमाश उसकी पत्नी के हाथ से 2 मोबाइल और पर्स छीनकर भाग गए।

शिकायतकर्ता ने बताया कि पर्स में 1500 रुपए कैश, एटीएम कार्ड समेत अन्य दस्तावेज थे। स्नैचिंग के दौरान, वे एक्टिवा से सड़क पर गिरे, जिसकी वजह से उन्हें चोटें भी आई हैं। आरोपी मानव चौक की तरफ से होते हुए झंडू वाली गली में भाग गए।

पीड़ति ने पुलिस चौकी नंबर-5 में शिकायत सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विदाई समारोह में छलक पड़े छात्राओं के आंसू, गले लगाकर हो हुई भावुक

- एसएमएस कॉलेज में आयोजित हुआ विदाई समारोह, प्राचार्या ने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। समारोह में भाग लेते शिक्षक एवं छात्राएं।

संत मोहन सिंह खालसा लबाना महिला कॉलेज परिसर में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बीए, बीकॉम तथा बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने तृतीय वर्ष की छात्राओं को भावी सफलता की कामना करते हुए भावुक विदाई दी। समारोह को भावुकता के वातावरण से इतर ले जाने के लिए जूनियर्स ने कार्यक्रम में रैंप वॉक किया। साथ ही परिचय - सत्र तथा प्रश्नोत्तरी आदि राउंड से मनोरंजक व रोचक बनाने का प्रयास किया । बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियंका ,बीकॉम तृतीय वर्ष की तवलीन बीएससी कक्षा तृतीय वर्ष की वंशिका मिस विदाई टाइटल से नवाजा गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को सफलता का मंत्र समझाते हुए कहा कि परिवर्तन व विकास प्रकृति का नियम है। विरह- मिलन जीवन परिभाषा है।अंतिम वर्ष की छात्राओं का विद्यार्थी जीवन का एक पड़ाव अगले वर्ष समाप्त हो जाएगा।


अंबाला। मीटिंग के दौरान शिवालिक मंच के पदाधिकारी।

## शिवालिक मंच की कार्यकारिणी का विस्तार प्रमोद अग्रवाल को मिली जिम्मेदारी

**अंबाला।** शिवालिक मंच की पहली मीटिंग प्रमोद अग्रवाल के कार्यालय में संपन्न हुई। इसमें जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में प्रधान प्रमोद अग्रवाल को बनाया गया। वरिष्ठ उप प्रधान विश्वनाथ यादव व उप प्रधान राजेश गर्ग ,सुधीर लांबा, अभिषेक गोयल को बनाया गया। महासचिव गगन मरवाह बनाए गए जबकि संयुक्त सचिव योगेश अग्रवाल, जय धीमान व अखिलेश गोयल को बनाया गया। कोषाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बनाए गए जबकि कानूनी सलाहकार एडवोकेट ऋषि गुप्ता होंगे। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण दुग्गल, गोल्डी भारद्वाज, पंकज जैन, विशाल अग्रवाल, अजय गुप्ता, दिनेश गर्ग एवं मनीष अग्रवाल को मनोनीत किया गया। जिला प्रधान प्रमोद अग्रवाल ने बताया की जल्दी ही इसका विस्तार करके सदस्यों को इस मंच में जोड़ा जाएगा। शिवालिक क्षेत्र से जुड़ी हर समस्या के समाधान के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिवालिक मंच नामक एनजीओ की शुरुआत न 1996 में एडवोकेट विजय बंसल द्वारा पिंजौर में की गई थी।

## आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का भाजपा 40 सीट पर होगी सीमित

**मुलाना।** अंबाला लोकसभा सहित पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विधायक वरुण चौधरी के साथ मिलकर मुलाना, यमुनानगर, साढ़ौरा, रायपुर रानी, मोरनी, कालका सहित अन्य स्थानों पर घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान चलाया गया और इस दौरान कांग्रेस पार्टी ने अपने संकल्प पत्र के पंफलेट भी लोगों को बांटे। विधायक ने मौजूदा सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार का सबका साथ सबका विकास का नारा पूरी तरह से खोखला साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आज लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं वह सरकार की सफलता का नतीजा है और केवल कागजों में ही सरकार की घोषणाएं चल रही है अगर धरातल की बात करें तो सरकार की योजनाओं का लोगों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के द्वारा दिया गया 400 पार का नारा 40 सीट पर सीमित होकर रह जायेगा।


विधायक वरुण चौधरी।

## मुख्य सचिव ने चिह्नित अपराध व लोस चुनाव को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने बुधवार को वीसी के माध्यम से उपायुक्तों को चिह्नित अपराध, लोकसभा चुनाव के तहत चल रही तैयारियों व हीट वेव से बचने के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर जरुरी निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल व अन्य उच्च अधिकारीगण मौजूद रहे। उन्होंने चिन्हित अपराध के तहत सभी उपायुक्तों को कहा कि वे जिला स्तर पर बैठक लेना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान चिन्हित अपराध से संबंधित जो भी केस होते हैं उन केसों में और तीव्रता लाते हुए प्रार्थी को न्याय मिले, इस दिशा में कार्य करें। उन्होंने इस दौरान कंवेंशन रेट, एक्विटल के साथ-साथ पोक्सो एक्ट के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सभी केसों में हमें सावधानीपूर्वक एवं कानूनी नियमों के तहत कार्य करना है ताकि पीड़ित को समय रहते न्याय मिल सके। लोगों को न्याय दिलवाना हमारी जिम्मेदारी भी है। इसी प्रकार उन्होंने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के दृष्टिगत जो कार्य किए जा रहे है, उनकी भी समीक्षा की। हीट वेव के तहत भी संबंधित विभागों द्वारा जो कार्य किये जाते हैं, उनकी जानकारी लेते हुए समीक्षा भी की। उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि दिए गए निर्देशों की अनुपालना के तहत सभी कार्यों में तेजी लाई जाएगी।

## सिविल सर्जन ने चिकित्सकों को दिए जरुरी निर्देश

# सीएचसी का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर


शहजादपुर। औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों से बातचीत करते सिविल सर्जन।

सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने बुधवार को सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों व स्टाफ सदस्यों की बैठक लेकर उन्हें स्वास्थ्य सम्बंधी जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी और डॉक्टर समय पर आएं और रोगियों के साथ अपना व्यवहार ठीक रखें और विन्रमता से पेश आएं। उन्होंने कहा कि ड्यूटी समय के दौरान सभी डॉक्टर व स्टाफ सदस्य वर्दी पहन कर रखें। इस दौरान उन्होंने रोगियों से भी बातचीत की। सिविल सर्जन ने मरीजों से पूछा कि उपचार के दौरान उन्हें किसी तरह की दिक्कत तो नहीं आ रही है? इस दौरान सिविल सर्जन ने मरीजों की बातों पर संतोष जताया। उन्होंने एसएमओं डॉ. तरूण प्रसाद से सीएचसी क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के साथ ही मौसमी बीमारियां बढने लगती है और इन बिमारियों से सचेत रह कर बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में तेज गर्म हवाओ के चलने/लू लगने जैसी आम स्वास्थ्य समस्याएं सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को बताए कि सावधानी रख कर ही छोटी मोटी बीमारियों से बचा जा सकता है। गर्मी के मौसम से मच्छर/मक्खियों के पनपने से भी बीमारियां फैलती हैं ऐसे में अपने घर व आस-पास का वातावरण साफ सुथरा रखें। घर के आस-पास पानी न जमा होने दें। गर्मी के दौरान जब कूलर का प्रयोग करें तो कम से कम सप्ताह में एक बार उसका पानी बदले और अच्छी प्रकार से सुखा कर ही उसमें पानी डाले। जिससे कि बुखार, मलेरिया व डेंगू आदि रोगों के मच्छरों के पनपने से रोक लगाई जा सके।